समाचार

# नागरिकों की सूचना पर महापौर पहुंची रिंग रोड बालको, बस्ती में जल भराव की स्थिति थी गंभीर, तत्काल करवाई जल की निकासी

## (बालको प्लांट की दीवार के कारण अवरूद्ध हुए नाले के परिणाम स्वरूप बस्ती के घरों में घुसा था पानी, बनी थी जलभराव की स्थिति)




कोरबा 03 जुलाई 2025 —महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत वार्ड क्र. 39 रिंग रोड बालकोनगर के नागरिकों से मिली सूचना पर बरसाते हुए पानी में तत्काल रिंग रोड बालको पहुंची तथा वहॉ पर स्थित बस्ती में जलभराव की स्थिति की गंभीरता को संज्ञान में लेते हुए तत्काल निगम के अधिकारी कर्मचारियों को मौके पर बुलाकर वहॉ के वार्ड पार्षद व नागरिकों से समन्वय बनाकर जल की तत्काल निकासी कराई। इसी प्रकार महापौर श्रीमती राजपूत ने शहर में भ्रमण कर जलभराव की स्थिति का जायजा लिया तथा जहॉ कहीं भी जलभराव की स्थिति देखी, उसकी तत्काल निकासी की व्यवस्था करने निगम के संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

गुरूवार को शहर में हुई लगातार बारिश के परिणाम स्वरूप बालकोनगर क्षेत्र के वार्ड क्र. 39 रिंग रोड स्थित बस्तियों में जलभराव की स्थिति पैदा हो गई थी, वहॉ के नागरिकों ने बताया कि बालको प्लांट की दीवार के कारण नाला अवरूद्ध हुआ है तथा जल की निकासी बाधित हुई, जिसके परिणाम स्वरूप जलभराव की गंभीर स्थिति उत्पन्न हो गई। नागरिकों ने बताया कि उनके द्वारा अनेक बार बालको प्रबंधन को सूचना दी गई किन्तु बालको के जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे, नागरिकों ने इसकी सूचना महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत को दी, महापौर श्रीमती राजपूत ने बरसाते पानी के बीच तत्काल स्थल पर पहुंची, जलभराव की स्थिति का जायजा लिया, निगम के अधिकारियों को मौके पर बुलाकर जिला प्रशासन, निगम प्रशासन, वार्ड पार्षद व वहॉ के निवासियों के बीच आपसी समन्वय बनाकर तत्काल जल की निकासी करवाई। महापौर श्रीमती राजपूत ने इस मौके पर कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यजनक है कि नागरिकों द्वारा बार—बार सूचना दिए जाने के

बावजूद बालको प्रबंधन ने अपनी जिम्मेदारी नहीं निभाई, उन्होने बालको प्रबंधन से संपर्क कर आग्रह किया कि वे अपनी जिम्मेदारी निभाएं तथा भविष्य में समस्याओं के प्रति ऐसी उदासीनता व लापरवाही न दोहराएं। महापौर श्रीमती राजपूत ने कोरबा शहर के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा करते हुए जलभराव की स्थिति का जायजा लिया तथा जहॉं कहीं भी जलभराव की स्थिति देखी, उसकी निकासी की व्यवस्था हेतु निगम के जोन कमिश्नरों को तत्काल व्यवस्था किए जाने के निर्देश भी दिए।